an>

Title: Issue regarding law and order situation in Uttar Pradesh.

श्रीमती नीलम सोनकर (लालगंज) : माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था से जुड़ा अति महत्वपूर्ण विषय शून्य काल में उठाना चाहती हूं। पूरे प्रदेश में आपराधिक घटनाओं की बाढ़ सी आई हुई है। उसमें भी आजमगढ़ जनपद में लंबे समय से लज्जाजनक आपराधिक घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं, लेकिन मानवता तो तब कराह उठी जब जनपद में 45 दिन के अंदर तीन मासूमों की दुष्कर्म के बाद हत्या और एक के साथ दुष्कर्म के प्रयास में असफल होने पर हत्या का प्रयास किया जाता है।

जहां अतरौलिया थाना के अंतर्गत बढ़या में 22 दिसंबर को आठ साल की अबोध बालिका प्रिया सिंह की नरपिशाचों ने सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या कर उसे जमीन में गाड़ दिया, जिसके अपराधी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं, वहीं 10 जनवरी को फूलपुर कोतवाली के ग्राम मुड़ियार में 13 वर्षीय छात्रा पूजा राजभर के साथ शैतान दुष्कर्म का प्रयास करते हैं व नाकाम होने पर दो मंजिल छत से नीचे फेंक देते हैं। 30 जनवरी कप्तानगंज थाना ग्राम पिपरी की 12 वर्षीय शालू गुप्ता की दुष्कर्म के बाद राक्षसों ने हत्या कर खेत में गाड़ दिया तो वहीं मेहनगर थाना क्षेत्र के कटहन में स्कूल गए आठ वर्षीय अबोध बालक किशन यादव की चाकू मारकर हत्या कर दी जाती है। ताज्जुब यह सोचकर होता है कि …* वहीं पुलिस लाचार है। पीड़ा तो तब होती है जब सत्ता में काबिज सपा के कद्दावर नेता और मंत्री कहते हैं कि ऐसी घटनाएं तो दूसरे राज्यों में भी होती हैं।

मैं सदन के माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी से मांग करती हूं कि उत्तर प्रदेश में बढ़ते जंगलराज, अपराध व बहू-बेटियों की असुरक्षा और मासूमों के प्रति बढ़ती हैवानियत को ध्यान में रख आवश्यक कदम उठाएं तथा प्रिया, शालू, किशन व पूजा राजभर के गंभीर प्रकरण में उच्च स्तरीय जांच कराकर परिजनों को न्याय व अपराधियों को सजा दिलाना सुनिश्चित करें।

आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए बहुत धन्यवाद।

HON. DEPUTY-SPEAKER: The reference to law and order be removed. Law and Order is the State subject.

*m02

Shri Bhairon Prasad Mishra and

*m03

Kunwar Pushpendra Singh Chandel are allowed to associate with the matter raised by Shrimati Neelam Sonker.